# Code No. 2201

**Class : 9th (Ninth)** **Series : 9/March/2023**

**Roll No.** | | | | | | | | | | |

**हिन्दी**

(only for Fresh / School Candidates)

समय : **3** घण्टे ] [ पूर्णांक : **80**

---

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **13** है।
- प्रश्न- पत्र में सबसे ऊपर दिये गये कोड नम्बर की छात्र उत्तर पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़े।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य सीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखे और लिखा उत्तर न काटे।
- परीक्षार्थी अपना रोल नं प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखे और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाऐं ।
- कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित करने कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

---

**नोट :-** (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम / शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

**खण्ड - क**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(क) विकारी शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखक उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

आस्तीन का साँप, घोड़े बेचकर सोना।



Downloaded from cclchapter.com

(ग) समास विग्रह करते हुए, समास का नाम लिखिए : 2

शताब्दी, हस्तलिखित।

(घ) अनेकार्थी शब्द लिखिए: 2

कक्ष, अंक।

(ङ) वाक्य किसे कहते हैं ? रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं ? भेदों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। 2

**खण्ड – ख**

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **250** शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

(क) राष्ट्रभाषा हिन्दी

(ख) विद्यार्थी और अनुशासन

(ग) मेरे जीवन का लक्ष्य

(घ) ऋतुराज वसंत

(ङ) विज्ञान वरदान या अभिशाप

3. अपने विद्यालय के मुख्याध्यापक को एक पत्र लिखिए, जिसमें खेलों की आवश्यक तैयारी तथा खेल का सामान उपलब्ध करवाने की प्रार्थना की हो। 4

**अथवा**

कुसंगति से बचने के लिए अपने छोटे भाई को शिक्षा भरा पत्र लिखिए।



Downloaded from cclchapter.com

4. निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम बताइए : 3

(क) निदियाँ जिनकी यश धारा-सी ।

बहती है अब भी निशि-वासर।

(ख) मुदित महीपति मंदिर आए।

सेवक सचिव सुमंत बुलाए।

(ग) हनुमान की पूँछ को लग ना पाई आग।

लंका सिगरी जल गई, गए निशाचर भाग।।

**खण्ड – ग**

5. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 x 5 = 5

(क) सहज दुलीचा किसका प्रतीक है ?

(i) सहज भक्ति भावना का (ii) सहज भोजन का

(iii) सहज विचार का (iv) सहज जीवन का

(ख) कवयित्रि को कौन-सी चाह घेरे हुई थी ?

(i) बगीचे में जाने की (ii) सैर करने की

(iii) घर जाने की (iv) देहली जाने की

(ग) कविवर रसखान पशु की योनि में होने पर कहाँ चरना चाहते हैं ?

(i) नंद की गायों के बीच (ii) घास के मैदान में

(iii) चरागाह में (iv) किसान के खेत में



Downloaded from cclchapter.com

(घ) 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर कवि ने कौन-सा गहना पहना हुआ है ?

(i) कंगन (ii) घड़ी

(iii) हथकड़ी (iv) सोने का कड़ा

(ङ) कवि को किस पक्षी का मीठा स्वर सुनाई पड़ रहा है ?

(i) सुग्गे का (ii) कोयल का

(iii) मोर का (iv) कबूतर का

6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 x 5 = 5

मोरपंखा सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माल गरे पहिरौंगी।
ओढ़ि पीतंबर लै लकुटी बन गोधन ग्वारिन संग फिरौंगी।
भावतो मोहि मेरो रसखानि सों तेरे कहे सब स्वांग करौंगी।
या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी।

(क) कवि व कविता का नाम लिखिए।

(ख) सूखी के कहने पर गोपिका, क्या-क्या स्वांग भरने को तैयार है ?

(ग) प्रस्तुत पद के भाव-सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'मुरली-मुरलीधर' में अलंकार बताइए।

(ङ) प्रस्तुत सवैये का शिल्प सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।



Downloaded from cclchapter.com

7. निम्नलिखित काव्यांश का भाव सौन्दर्य, शिल्प सौन्दर्य एवं भाषा वैशिष्ट्रय स्पष्ट कीजिए :

पर आज जिधर भी पैर करके सोओ,
वही दक्षिण दिशा हो जाती है।
सभी दिशाओं में यमराज के आलीशान महल है।
और वे सभी में एक साथ,
अपनी दहकती आँखों सहित विराजते हैं।
माँ अब नहीं है,
और यमराज की दिशा भी वह नहीं रही,
जो माँ जानती थी।

(क) काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) भाव-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) भाषा वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए। 2

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 = 4

(क) बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है ?

(ख) मित्रता के पीछे लोगों की सामान्यतः क्या भावना निहित होती है ?

**खण्ड – घ**

9. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 x 5 = 5

(क) 'दो बैलों की कथा' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(i) महादेवी वर्मा
(ii) जाबिर हुसैन
(iii) प्रेमचंद
(iv) हजारी प्रसाद द्विवेदी



Downloaded from cclchapter.com

(ख) 'तिड्गी समाधि-गिरि किसका नाम है ?

(i) मैदान का (ii) छोटी सी पहाड़ी का

(iii) मंदिर का (iv) गाँव का

(ग) उपभोक्तावाद की संस्कृति में किसका घोर अपव्यय हो रहा है ?

(i) धर्म का (ii) सीमित साधनों का

(iii) भावनाओं का (iv) पारस्परिक संबंधों का

(घ) लेखक ने सालिम अली की मौत का कारण किस बीमारी को बताया है ?

(i) कैंसर (ii) मलेरिया

(iii) तपेदिक (iv) हैजा

(ङ) लेखक के अनुसार किसका किससे अधिक मूल्य रहा है ?

(i) आदमी का फोटो से (ii) जूते का टोपी से

(iii) पुरुष का स्त्री से (iv) इंसानियत का इंसान से

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 x 5 = 5

सरकार खुफिया विभाग और पुलिस पर उतना खर्च नहीं करती और वहाँ गवाह भी तो कोई नहीं मिल सकता। डकैत पहिले आदमी को मार डालते हैं। उसके बाद देखते हैं कि कुछ पैसा है कि नहीं। हथियार का कानून ना रहने के कारण यहाँ लाठी की तरह लोग पिस्तौल, बंदूक लिए फिरते हैं। डाकू यदि जान से ना मारे तो खुद उसे अपने प्राणों का खतरा है।

(क) पाठ का नाम व लेखक का नाम बताइए।

(ख) तिब्बत में लोग लाठी की बजाए पिस्तौल या बंदूक क्यों रखते हैं ?

(ग) डकैत आदमी को लूटने से पहले क्यों मार देते हैं ?

(घ) तिब्बत में लोगों की सुरक्षा का क्या सबन्ध है ?

(ङ) प्रस्तुत गद्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए।



Downloaded from cclchapter.com

11. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2 x 3 = 6

(क) उचित समय चले जाने पर पछतावा क्यों करना पड़ता है ?

(ख) मैना जड़ पदार्थ मकान को बचाना चाहती थी, पर अंग्रेज उसे नष्ट करना चाहते थे। क्यों ?

(ग) लेखिका उर्दू-फारसी क्यों नहीं सीख पाई ?

12. मुंशी प्रेमचन्द **अथवा** महादेवी वर्मा के जीवन और साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

13. **कृतिका (भाग-1)** व नैतिक शिक्षा के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 x 5 = 15

(क) 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों ?

(ख) धन के लालच में की गई मित्रता संकट पड़ने पर काम नहीं आती। कैसे ?

(ग) 'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए' इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) ध्वनि प्रदूषण ना हो इसके लिए आप किन-किन बातों का ध्यान रखते हैं ? सूची बनाइए।



Downloaded from cclchapter.com